सार-समाचार

ग्रामीणों ने थाने पर दिया धरना

देवगढ़, (निसं)। राजसमंद जिले के देवगढ़ थाना अंतर्गत ठाम पंचायत मण्डावर के डुंगातो की गुआर व कनियातो की गुआर में 31 मई को बुजुर्ग महिला सोहनी देवी की हत्या के मामले में चार दिन से कोई कार्यवाही नहीं होने को लेकर ग्राम पंचायत मण्डावर क्षेत्र की महिला व ठामीणों ने मंगलवार को देवगढ़ थाना पर धरना देकर थाना अधिकारी को शीघ्र कानूनी कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सोपा है।ज्ञापन में बताया गया कि 31 मई को दिनदहाड़े हत्या करने के बावजूद आरोपियों और अभियुक्तों का अभी तक पता नहीं लगा है और न ही गिरफ्तार किया गया है ।जिससे क्षेत्र में माहौल संवेदनशील हो गया है। पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही आरोपियों को पड़कर कानूनी कार्यवाही करें जिससे माहौल शांत हो सके। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि चुन्ना सिंह चौहान, उप सरपंच सुभाष सिंह, पूर्व उपसरपंच प्रेमी देवी, पूर्व थाना अधिकारी लाल सिंह, बदामी देवी, शेर सिंह, नवल सिंह, घीसा सिंह, लक्ष्मण सिंह समेत सैकड़ो ग्रामीणों ने देवगढ़ थाने पर धरना प्रदर्शन किया।मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान ने मंडावर क्षेत्र के डुंगातो की गुआर व कनियातो की गुआर में हुए घटनाक्रम को लेकर आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है। पत्र में बताया है कि पूर्व में मण्डावर क्षेत्र में घटनाक्रम हुई जिसका आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई । जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद है

सड़क हादसे में युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के कलाल घाटा बस स्टैंड के पास एक बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के हेड कॉनि.ने बताया कि कलाल घाटा निवासी मणिलाल ननोमा ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा जीवराम बाइक लेकर घर से कलाल घाटा बस स्टैंड के लिए निकला था। इस दौरान गैंजी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में जीवराम को गंभीर चोट आई। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल जीवराम को डूंगरपुर जिला अस्पताल लाया गयाए जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया गया,जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

महिला से जेवरात की ठगी

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षैत्र में कार में सवार अगोरी व साथी बदमाश महिला से जेवरात की ठगी कर ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित शंकरलाल पुत्र खुमाजी मेघवाल निवासी तिरूपति नगर पुराना आरटीओ रोड़ ने कार में सवार बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मकान के बाहर मेरी सब्जी की दुकान है। 29 मई रात में कार मेरी दुकान पास आकर रूकी। इस दौरान चालक ने पास में मंदिर या आश्रम के बारे में पूछा। इंकार करने पर अगोरी बाबा के ठहरने के लिए स्थान पूछा। इस पर मैंने कार में देखा तो नग्नावस्था में सिर पर काला कपडा बांधे अगोरी तथा उसके साथ चार अन्य लोग बैठे थे। इस दौरान बाबा ने मेरे दो लडके होने एवं घर के परेशानी के बारे में तथा स्वयं को भीखारी नहीं बता कर गरीबों की तीजोरी भरने वाला बताया। बातचीत के दौरान उसने 200 रूपये मुझे दिए लेकिन पुत्री के इनकार करने पर मैने नहीं लिए। बाबा ने पुत्री को अगरबत्ती करने के लिए घर में भेज दिया। इसी दौरान मेरी पत्नी के आने पर बातचीत की तथा उससे बातों बातों में ढाई तोला सोने का टड्डा खुलवा कर अपने पास रखा तथा आवाज लगाने पर पास आने को कहा लेकिन बदमाश मौके से कार लेकर भागा। शंका होने पर बाइक पर पीछा किया तो आमली चौराहा, डबोक होते हुए कार में सवार बदमाश फरार हो गए। टड्डा की बाजार कीमत करीब ढाई लाख रूपये थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

सूने मकान से नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। वल्लभनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पड़ोसी के मकान से नकदी चोरी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित शरीफ मो. पुत्र नूर मो. निवासी सिंधियों का बडगांव वल्लभनगर ने पड़ोसी आरोपी यासीन सिंधी पुत्र मुबारिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 29 मार्च को मैं परिवार सहित सामाजिक कार्यक्रम मं गया था। रात में लैटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था अलमारी से 1 लाख रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इसी तरह नजमा बानू पत्नी नूर मो. निवासी सिंधियों का बडगांव वल्लभनगर ने पड़ोसी आरोपी यासीन सिंधी पुत्र मुबारिक के खिलाफ मकान का ताला तोड़ कर 80 हजार रूपये नकदी चुरा ले जाने का प्रकरण पुलिस थाने में दर्ज करवाया।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

उदयपुर, (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय), उदयपुर, तथा भूपाल नोबल्स विवि, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणामों की आज घोषणा की गई।प्रतियोगिता में देशभर से कुल 382 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 50 प्रश्न रखे गए थे, प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (250अंक) 4 प्रतिभागियों ने सुरक्षित किया, इसी प्रकार द्वितीय स्थान (245 अंक) 8 व तृतीय स्थान (240 अंक) 14 प्रतिभागियों ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत की संस्कृति, सनातन मूल्य और एकात्म दृष्टिकोण के संवाहक थे। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा, यह प्रतियोगिता राष्ट्र चिंतन को समझने की एक पहल है।

बिना अनुज्ञा संचालित सेजल वाटिका को किया सीज

उदयपुर, (निसं)। नगर निगम उदयपुर द्वारा मंगलवार को कार्यवाही करते हुए बिना अनुज्ञा संचालित वाटिका को अग्रिम आदेश तक सीज किया गया। उक्त वाटिका के पास फायर एनओसी भी नहीं थी। जबकि सभी वाटिकाओं को नगर निगम से अनुज्ञा प्राप्त कर तथा फायर एनओसी प्राप्त करने के पश्चात ही वाटिका का संचालन करने का नियम है।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि गोवर्धन विलास स्थित सेजल वाटिका बिना नगर निगम अनुमति के संचालित की जा रही थी। वाटिका संचालक को निगम द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी किए गए लेकिन फिर भी वाटिका संचालक ने नोटिस को अनदेखा कर निगम कार्यालय में अनुज्ञा हेतु आवेदन नहीं किया। जिस पर आयुक्त के

■ **गोवर्धन विलास स्थित सेजल वाटिका बिना नगर निगम अनुमति के संचालित की जा रही थी**

निर्देश पर राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर, राजस्व निरीक्षक विजय जैन, राहुल मीणा द्वारा राजस्थान नगरपालिक अधिनियम के विवाह स्थल पंजीयन उपविधि-2010 एवं राज्य सरकार की नवीनतम गाईड लाईन विनियम 2020 अन्तर्गत बिना अनुज्ञा/स्वीकृति/उपयोग परिवर्तन दिनांक 07.09.2018 के तहत वाटिका को आगामी आदेश तक सीज किया गया। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने मंगलवार को वाटिका सीज करने के उपरांत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शहर में जो भी अवैध वाटिका संचालित की जा रही है उन सभी अवैध वाटिकाओं पर सीज की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समस्त वाटिकाओं को नगर निगम से अनुज्ञा प्राप्त कर तथा फायर एनओसी प्राप्त करने के पश्चात ही वाटिका का संचालन किया जाना है। किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए वाटिका संचालक अपने स्वयं के स्तर पर निगम में पहुंचे वाटिकाओं के संचालन हेतु वैद्य अनुज्ञा प्राप्त करें जिससे वाटिका उपयोग करने वाले को भी किसी समस्या का सामना नहीं हो।

उदयपुर में निगम ने कार्रवाई करते हुए बिना अनुज्ञा संचालित सेजल वाटिका को सीज किया।

एकात्म मानव दर्शन का हीरक जयन्ती समारोह का आगाज आज

उदयपुर, (कासं)। प्रसिद्ध चिंतक व विचारक, भारतीय जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त एकात्म मानवदर्शन के साठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति जयपुर, भूपाल नोबल्स संस्थान व राजस्थान विद्यापीठ

■ **देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक प्रतिभागी लेंगे भाग**

विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन - हीरक जयंती समारोह का आगाज बुधवार को प्रात: 10.30 बजे भूपाल नोबल्स विवि के सभागार होगा।

आयोजित समारोह की जानकारी देते हुए पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा ने बताया कि एकात्म मानव दर्शन की विकास यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्वीकृत राष्ट्रवाद की अवधारणा से प्रारंभ होती है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राजस्थान में एकात्म मानवदर्शन का प्रतिपादन महाराणा प्रताप की जन्मभूमि उदयपुर से किया। यह बीज मंत्र आगे चलकर भारतीय जनसंघ के सिद्धांत एवम नीति का अधिकृत दस्तावेज बना । इस वैचारिक विकास प्रक्रिया में सर्वाधिक योगदान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्गों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए बौद्धिक वर्गों का रहा। इसी संदर्भ में राजस्थान संघ शिक्षा वर्ग में 4-5 जून 1964 को उदयपुर के भूपाल नोबल्स कॉलेज में दिए गए व्याख्यानों का रहा। ध्यातव्य है कि मुंबई में एकात्म मानवदर्शन सिद्धांत पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 22-25 अप्रैल 1965 कुल 4 भाषण दिए और तब से एकात्म मानव दर्शन पर चर्चा प्रारंभ होने लगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानव दर्शन की अवधारणा को प्रचलन में आए 60 वर्ष हो गए हैं। कुलपति कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दोनों दिन सायं 6 बजे सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें प्रतिभागियों के अलावा शहर के प्रबुद्ध नागरिक इसमें भाग लेंगे।

प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत व प्रो. मोहनलाल छीपा आदि ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कात्म मानव दर्शन का हीरक जयन्ती समारोह की जानकारी दी।

कलक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देष

बांसवाड़ा, जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के वृत्त बांसवाडा के समस्त अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में जिले में विद्युत कि आपूर्ति, घातक एवं अघातक विद्युत दुर्घटना, निर्धारित एवं अनिर्धारित विद्युत कटौती, 33 केवी/11 केवी लाईन एवं जीएसएस का मेंटनेंस, आंधी व तुफान में क्षति कि विवेचना एवं सिस्टम का पून:स्थापन, जले ट्रांसफार्मर की स्थिती एवं उन्हे बदलना, संपर्क पोर्टल की शिकायतो का निवारण, पीएचईडी के विद्युत कनेक्शन, बजट घोषणा, कृषि के कनेक्शन जारी करने, पीएम सुर्य घर एवं आरडीएसएस कार्यो आदि पर विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की गई। अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने जिले के उपभोक्ताओ को गुणवत्ता पूर्ण बिजली उपलब्ध करवाने के लिये क्षेत्रानुसार विद्युत फाल्ट की समीक्षा करने एवं तद्न्नुसार सुधार करने, उपभोक्ताओ को सही एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देष दिये। उन्होंने अधिकारियों व कार्मिको को मोबाइल पर उपलब्ध रहने एवं आंधी तुफान की स्थिति में मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये।

सार-समाचार

कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

राजसमंद, (निसं)। जिले में बायो डीजल के नाम पर अन्य अवैध जहरीले केमिकल के बढते कारोबार पर कडा आक्रोश व्यक्त करते हुए राजसमन्द पेट्रोलियम डीलर्स वेलफेयर संस्थान से जुडे व्यवसाइयों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा एवं उक्त अवैध गतिविधियो के खिलाफ ठोस कार्रवाई की पुरजोर मांग की। संस्थान अध्यक्ष कैलाश चौधरी के नेतृत्व में महासचिव हेमंत लड्ढा, उपाध्यक्ष पुष्कर पाटीदार, जम्बू जैन, सचिव शैलेन्द्र जोशी, संगठन मंत्री परसराम बुनकर, अनिरूद्ध सिंह, राजेन्द्र पगारिया, अनिल पारीक सहित क्षेत्रभर से आए व्यवसायी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जिला कलक्टर बालमुकुन्द असावा को ज्ञापन दिया। साथ ही उन्हें मौखिक रूप से भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया। व्यवसाइयो ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से राज्य भर में बायो डीजल के लिए पूर्व में जारी सभी अनुज्ञापत्र (लाइसेंस) की वैधता अवधि समाप्त हो जाने के बाद किसी भी फर्म का लाइसेंस रिन्यू यानि नवीनीकरण नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में हाल ही सरकार ने आदेश जारी किया है जिसमें बताया कि वर्तमान में राज्य में बायो डीजल का कोई भी लाइसेंस वेध लाइसेंस की श्रेणी में नहीं है। व्यवसायियों ने रोष जताते हुए बताया कि उक्त आदेश के बाद भी वर्तमान में राजसमंद जिले में कई स्थानों पर माफिया अन्य अति ज्वलनशील पदार्थ बायो डीजल के नाम पर अवैध तौर पर खुलेआम, डिस्पेंसिंग यूनिट लगाकर विक्रय कर रहे हैं जो सरासर नियम विरूद्ध है। व्यवसाइयों ने कहा कि ऐसे अवैध विक्रय स्थानों पर उपलब्ध माल की जांच सरकारी लेब में कराकर इसकी पुष्टि की जा सकती है। इन अवैध डिस्पेंसिंग यूनिट के संबंध में विधिक माप विज्ञान विभाग से कोई लाइसेंस भी नहीं लिए गए। ऐसे में अवैध तौर पर स्थापित डिस्पेंसिव यूनिट को तत्काल बंद करना चाहिए। ज्ञापन में यह भी कहा कि उक्त अवैध बिक्री स्थलों की भूमि वाणिज्यिक नहीं है, इसके बावजूद अवैध रूप से वाणिज्य गतिविधियां चल रही हैं जो शीघ्र बंद करनी चाहिए।

'एलिवेटेड निर्माण होने से मिलेगी सुविधा'

उदयपुर, (कासं)। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि शहर में बंशीपान से रेलवे स्टेशन तक निर्माणाधीन एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से जरा भी समझौता नहीं करें, यह एलिवेटेड निर्माण पूर्ण होने से शहर के बाशिंदों को सुविधा मिलेगी तथा आवागमन सुगम होगा। कटारिया मंगलवार को टाउन हॉल स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभागार में नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारियों की बैठक के दौरान निर्देश दे रहे थे। कटारिया ने कहा कि बढ़ते ट्रैफिक से शहर वासियों को भविष्य में भी राहत मिले इस प्रकार का निर्माण कार्य होना चाहिए, संभावित एक्सीडेंट ज़ोन को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करें, बरसात से पूर्व निर्माण क्षेत्र में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कर लिए जाए ताकि आमजन को कीचड़ इत्यादि से परेशानी ना हो। इस दौरान निगम अधिकारियों ने एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य संबंधित जानकारियां तथा भौतिक प्रगति से कटारिया को अवगत करवाया। बैठक के दौरान आयड़ नदी के संबंध में चर्चा करते हुए श्री कटारिया ने कहा कि बरसात से पूर्व आयड़ नदी के प्राकृतिक मार्ग के अवरोधों की सफाई अवश्य सुनिश्चित करें तथा नदी के आसपास अधिक समय तक जीवित रहने वाले पौधे लगाए।

नालों की सफाई की

डूंगरपुर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आगामी वर्षा पूर्व नालों की सफाई का अभियान नगर परिषद द्वारा करवाया जा रहा है जिससे सैकडों टन मलबा निकाला जा रहा है। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत ने बताया कि परिषद सभापति अमृत कलासुआ द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत फराशवाडा, घाटी कमलीदरा, रामनगर, हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री कॉलोनी, रतनपुर रोड, आदर्शनगर सुथारवाडा मार्ग, बापा स्कूल, लक्ष्मीनगर, शास्त्री कॉलोनी बोहरा मस्जिद के निकट, हीरो होण्डा शौ के निकट बना नाला, कलेक्ट्रेट के बाहर, आदर्श नगर पुलिस लाईन, माथुगामडा रोड सहित 22 नालो की सफाई के लिए बडी संख्या में सफाई कर्मियो के साथ मलबे को निकाला गया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए)

क्रमांक: LU2012/UDP/2025-26/103792 दिनांक: 02/06/2025

लोक सूचना

श्री Bal Kishan Wadhwani पुत्र श्री Thandharam Wadhwani जाति Sindhi निवासी 58 Jyoti Nagar Shobhagpura 100 Feet Road Udaipur ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मी.)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	शोभागपुरा बडगांव (उदयपुर)	Bal Kishan Wadhwani S/o Thandharam Wadhwani	1580/983, 1588/984	165	0.0165
				कुल	0.0165

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02.06.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

राज्यपाल बागड़े 5 को उदयपुर में

उदयपुर, । प्रदेश के राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े 5 जून को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि राज्यपाल बागड़े 5 जून को शाम 5.45 बजे राजकीय विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा 6.15 बजे भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय पहुंच कर पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। बागड़े अगले दिन 6 जून को सुबह 9.40 बजे सिरोही के लिए प्रस्थान करेंगे।

साइकिल रेस प्रतियोगिता में दृष्टिराज सिंह झाला प्रथम

बांसवाड़ा, (निसं)। विश्व साइकिल दिवस पर वागड़ पर्यावरण संस्थान के तत्वावधान में वुमेन साइकिल रेस प्रतियोगिता में जिले से आयी बालिकाओं तथा महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नगर परिषद् के पूर्व सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्यप्रद है इस तरह की अभिनव प्रतियोगिताएं पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्ती भूमिका निभाती है। अध्यक्षता करते हुए उप वन संरक्षक अभिषेक शर्मा ने कहा कि साइकिल चलाना भी पर्यावरण की बहुत बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग मिशन के तौर पर पौधारोपण करेगा जिसमें जनभागीदारी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल के रीजनल ऑफिसर रवि चन्देल ने कहा कि धरती पर बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण चिंता का कारण है हमें प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े की थैली का प्रयोग करना है। बीसीसीआई के संरक्षक सुनील दोसी ने प्रति सप्ताह साइकिल चलाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कौशल शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष डामोर व देवीलाल, वागड़ पर्यावरण संस्थान की प्रवीणा सोनी, अजंलि खरबन्दा, निशा संतवानी, प्रियंका गुप्ता, खुशबू पटेल, भूमिका बोधवानी, अपेक्षा सोनी, यश सराफ, कपिल पुरोहित, डॉ. राजेश नाबाडे, मुकेश भावसार, हिमालय जोशी, विनय भट्ट, दीपक बाथम, मंयक भोई, योगेश बाथम व संजय गुप्ता मौजूद रहे।

दृष्टिराज ने फिर फहराया परचम

वागड़ पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि साइकिल रेस प्रतियोगिता में झालो का गढ़ा गांव की दृष्टिराज सिंह झाला ने 12.02 सेकण्ड में लगभग 4.5 किमी की रेस पूरी की। ध्यान रहे कि दृष्टि पिछले वर्ष भी टॉपर रही थी। शहर की खुशवी पडियार द्वितीय तथा चौखला गांव की दृष्टि पाटीदार तृतीय रही। इसी प्रकार हर्षिता निनामा, आयूषि नागर, कल्पना मईड़ा, अवि तिवारी, मानवी शर्मा को सांत्वना पुरस्कार तथा नीलम टेहलानी, खुशबू पटेल, प्रियंका अग्रवाल, प्रियंका गर्ग, वर्षा हरियाणी, मनीषा सेन, मोना दोसी, आशा हुवोर, मंजुला परमार को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम विजेता को 11 हजार, द्वितीय को 5 हजार, तृतीय को 2500, सांत्वना के 500 नगद के पांच पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए)

क्रमांक: LU2012/UDP/2025-26/103797 दिनांक: 02/06/2025

लोक सूचना

श्री Satish Wadhwani पुत्र श्री Om Prakash Wadhwani जाति Sindhi निवासी Maharana Pratap Colony Hiran Magri Sec 13 Udaipur, श्री Vinod Wadhwani पुत्र श्री Om Prakash Wadhwani जाति Sindhi निवासी Maharana Pratap Colony Hiran Magri Sec 13 Udaipur, Udaipur ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मी.)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	शोभागपुरा बडगांव (उदयपुर)	Vinod Wadhwani S/o Om Prakash Wadhwani and Satish Wadhwani S/o Om Prakash Wadhwani	1680/989, 1687/1658, 1689/1626	200	0.02
				कुल	0.02

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02.06.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

एक कोराना संक्रमित मिला

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के नागेन्द्र सिंह कॉलोनी में दूसरा कोरोना पॉजिटिव केस सामने आया है। इससे पहले एक बुजुर्ग में कोरोना की पुष्टि हुई थी। कोरोना का दूसरा केस सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीज के घर पहुंचकर उसे दवाइयों के साथ ही हिस्ट्री भी खंगाली जा रही है।

डूंगरपुर में कोरोना केस के मामले अब बढते जा रहे है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी कोरोना की सैंपलिंग बढा दी है। डूंगरपुर श्री हरिदेव जोशी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में सर्दी जुकाम, बुखार के मरीजों की कोरोना सैंपलिंग की जा रही है। शहर के नागेन्द्र सिंह कॉलोनी का रहने वाला युवक के शिकायत होने पर कल सोमवार को जांच करवाई थी। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। कोरोना के दूसरे मरीज के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग फिर से अलर्ट हो गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम नागेंद्र सिंह कॉलोनी पहुंची। जहां मरीज को दवाइयां दी जा रही है। वहींए मरीज की हिस्ट्री लेकर आसपास के पूरे क्षेत्र में सर्वे का काम शुरू कर दिया है। सीएमएचओ डॉ.अलंकार गुप्ता ने बताया कि कोरोना की सैंपलिंग के साथ ही मरीजों को भर्ती करने और इलाज के लिए पूरे इंतजाम किए गए है। लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। डूंगरपुर में 2 दिन पहले ही एक बुजुर्ग में कोरोना की पुष्टि हुई थी।

जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकता, जनभागीदारी से बनाएं अभियान को सफल : जिला कलक्टर

उदयपुर, (कासं)। जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाने और आमजन को जागरूक करने की मंशा से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश भर में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशमी के शुभ अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आगाज होगा। अभियान के दौरान एक पखवाड़े तक होने वाले आयोजनों की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेन्सिग के माध्यम से बैठक ली। इसमें अभियान को सफल

■ **गंगा दशमी से होगा आगाज, 20 जून तक प्रतिदिन होंगे विविध आयोजन**

बनाने के लिए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रारंभ में जिला परिषद सीईओ रिया डाबी ने अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला कलक्टर श्री मेहता ने अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से होने वाले गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 5 से 20 जून तक प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों और संबंधित विभागों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की मंशा है कि इस अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो। इसलिए सभी अधिकारी इसे पूर्ण गंभीरता से लें। अभियान के दौरान प्रस्तावित प्रत्येक गतिविधि में अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इसे जन आंदोलन बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने घर-घर पीले चावल रखकर न्योता देने, सभी जनप्रतिनिधियों को ससम्मानित आमंत्रित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाने तथा हरयाळो राजस्थान के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आगाज गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को होगा। 5 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव की उपस्थिति में होगा। इसके अलावा पंचायत स्तरपर भी जल पूजन, जल स्त्रोतों की सफाई कार्यक्रम होंगे। जिला व पंचायत समिति स्तर पर आमुखीकरण कार्यशाला और सांस्कृतिक संध्या भी होगी। इसी दिन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग की ओर से जिला व ब्लॉक स्तर पर नर्सरियों में सफाई, तुलसी पौधा वितरण, हरयाळो राजस्थान की तैयारी, नेचर वॉक, औद्योगिकी संस्थानों, निजी व सरकारी कार्यालयों को ग्रीन ऑफिस इनिशियेटिव, एनर्जी ऑडिट व ग्रीन बजट की जानकारी देना तथा चयनित स्थलों पर ईको फ्रेण्डली आर्ट तैयार करने जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिक्षा विभाग की ओर से ग्राम पंचातय स्तर पर निबंध, भाषण व कविता प्रतियोगिताएं तथा वंदे गंगा प्रभात फेरी का आयोजन होगा।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

न्याय की लगाई गुहार

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर पिछले दो दिनों से लगातार दिन-रात धरना दे रहे डिएमफटी मद से ल